सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राज्यपाल ने किया राजभवन में वित्तीय नियोजन, बजट और निवेश पर ज्ञान शिविर का उद्घाटन।

राजभवन देहरादून 03 दिसम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में वित्तीय नियोजन, बजट और निवेश पर ज्ञान शिविर का उद्घाटन किया। राज्यपाल के दिशा निर्देशों के क्रम में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा राजभवन में वित्तीय नियोजन, बजट और निवेश पर ज्ञान शिविर का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजभवन के अधिकारी, कर्मचारियों को वित्तीय ज्ञान का प्रसार करने और उन्हें बेहतर वित्तीय नियोजन के साथ सशक्त बनाने के लिए इस प्रकार का आयोजन लगातार किया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने वर्तमान के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अपने वित्तीय अधिकारों और वित्तीय प्रबंधन को समय की आवश्यकता बताया, कहा कि हर व्यक्ति को अपने वित्तीय प्रबंधन की समझ होनी चाहिए ताकि भविष्य की आवश्यकताओं और जोखिमों का उचित प्रकार से समाधान निकला जा सके। उन्होंने राजभवन के सभी कर्मचारियों को इस शिविर का लाभ उठाने का सुझाव दिया।

............0............